# मालगाड़ी की कपलिंग टूटी, दर्जन भर यात्री ट्रेनों के पहिए थमे

## मानिकपुर-बांसा पहाड़ रेलवे स्टेशन के बीच हुई घटना, 2 घंटे बाद सुचारू हुआ रेल यातायात

नवभारत न्यूज

**सतना, 5 अप्रैल. सीमेंट से लदी एक मालगाड़ी की कपलिंग टूट जाने के कारण वह दो हिस्सों में बंट गई. हलांकि घटना की जानकारी मिलने के बाद सक्रिय हुए रेज अमले द्वारा उक्त मालगाड़ी को आधे घंटे बाद मुख्य ट्रैक से हटा दिया गया.**

लेकिन इस घटना के चलते न सिर्फ सतना-प्रयागराज के बीच रेल यातायात बाधित हो गया बल्कि विभिन्न रेलवे स्टेशन और आऊटर पर रोकी गईं दर्जन भर सुपरफास्ट और मेल एक्सप्रेस ट्रेनों के पहिए थमे रहे. घटना के लगभग 2 घंटे बाद उक्त मार्ग पर रेल यातायात सुचारु हो सका. रेलवे द्वारा घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं. प्राप्त जानकारी के अनुसार सतना से सीमेंट लोड कर एक मालगाड़ी प्रयागराज की ओर रवाना हुई. शाम के लगभग 5 बजकर 45 मिनट पर मालगाड़ी जैसे ही सतना प्रयागराज रेलखण्ड के बांसा पहाड़ और मानिकपुर रेलवे स्टेशन के बीच पहुंची उसी दौरान वह अचानक दो हिस्सों में बंट गई. इंजन वाला हिस्सा मालगाड़ी के कुछ डिब्बों के साथ आगे निकल गया. जबकि पीछे के शेष डिब्बे पीछे छूट गए. गनीमत यह रही कि दो हिस्सों में बंटने के बावजूद मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से नहीं उतरे और कुछ दूर आगे जाकर रुक गए. उक्त घटना की जानकारी मालगाड़ी के लोको पायलट द्वारा स्टेशन प्रबंधन तक पहुंचाई गई. यह जानकारी सामने आते ही रेल अमले के बीच हड़कंप मच गया. आनन-फानन में उक्त रेल मार्ग से गुजरने वाली सभी यात्री गाड़ियों को जगह जगह रोक दिया गया. घटना की जानकारी मिलने पर नैनी और सतना रेलवे स्टेशन से रेल अमला मौके के लिए निकल गया. रेल अमले ने मौके पर पहुंचकर युद्धस्तर पर कार्य शुरु किया.

मालगाड़ी के टूटे हुए डिब्बों को जोड़ने के साथ ही रेलवे ट्रैक पर यातायात को सुचारु बनाने के लिए प्रयास शुरु कर दिए गए. लगभग 2 घंटे तक कड़ी मशक्कत करने के बाद उक्त मार्ग पर रेल यातायात बहाल कर दिया गया.







### दर्जन भर ट्रेनें प्रभावित

मालगाड़ी की कपलिंग टूटने की जानकारी मिलते ही उक्त मार्ग पर चल रहीं दर्जन भर ट्रेनों के पहिए थम गए. अप रुट पर जहां जसरा से लेकर मानिकपुर के बीच कहीं मारकुण्डी, टिकरिया, मझगवां, डभौरा, बरगढ़ और शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन तो कहीं आऊटर पर सुपरफास्ट और मेल एक्सप्रेस ट्रेनों को रोक दिया गया. वहीं दूसरी ओर डाउन रुट पर कटनी, मैहर और सतना रेलवे स्टेशन से लेकर आऊॅटर पर विभिन्न ट्रेनें रुकी रहीं. डाउन रुट पर प्रभावित होने वाली प्रमुख ट्रेनों में मुंबई हावड़ा मेल, रीवा आनंद विहार, मुंबई वाराणसी महानगरी, एलटीटी बनारस सुफा, एलटीटी पटना जनता और मुंबई पटना आदि ट्रेनें रहीं. वसहीं अप रुट पर छपरा दुर्ग सारनाथ, गोरखपुर एलटीटी गोदान, गोरखपुर एलटीटी काशी सहित अन्य ट्रेनें खासी प्रभावित हुईं. इस दौरान विभिन्न ट्रेनों में सवार रेल यात्रियों को कई तरह की मुसीबतों का सामना करना पड़ा.

### नहीं जुड़ पाई कपलिंग

मौके पर पहुंचे रेल कर्मियों ने मालगाड़ी के टूटे हुए हिस्से को जोड़ने के लिए कपलिंग को ठीक करने का काफी प्रयास किया. लेकिन आधे घंटे तक मशक्कत करने के बावजूद भी रेल अमले की तकनीकी टीम से जब कपलिंग ठीक नहीं हुई तो मालगाड़ी के दोनों हिस्सों को अलग अलग स्थान पर खड़ा करा दिया गया. जिसके बाद उक्त मार्ग को साफ करते हुए यातायात बहाल कर दिया गया. लेकिन इस कवायद के चलते लगभग 2 घंटे तक उक्त मार्ग पर रेल यातायात बाधित बना रहा. जिससे प्रभावित यात्री ट्रेनें विलंबित होने लगीं. घटना की गंभीरता को देखते हुए मंडलीय रेल प्रशासन द्वारा घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं.

# बरगवां रेलवे स्टेशन में 4 घंटे से ब्लैकआउट

## सौर ऊर्जा व वैकल्पिक व्यवस्था के अभाव में बढ़ी परेशानी, यात्री परेशान

नवभारत न्यूज

**बरगवां 5 अप्रैल। शनिवार की शाम करीब 6:30 बजे से बरगवां क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण रेलवे स्टेशन पूरी तरह अंधेरे में डूब गया। करीब 4 घंटे तक चले इस ब्लैकआउट ने यात्रियों की परेशानी को कई गुना बढ़ा दिया। स्टेशन परिसर से लेकर आसपास के इलाके तक कहीं भी पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था नहीं होने के कारण चारों तरफ घना अंधेरा पसरा रहा।**



बिजली गुल होने के दौरान स्टेशन पर मौजूद यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। खासतौर पर ओवरब्रिज से प्लेटफॉर्म पार करने वाले मुसाफिरों के लिए स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो गई।

अंधेरे के चलते कई यात्री ठोकर खाकर गिरते-गिरते बचे, वहीं महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ी। स्थानीय लोगों का कहना है कि रेलवे स्टेशन जैसे संवेदनशील स्थान पर सौर ऊर्जा या वैकल्पिक बिजली व्यवस्था का न होना गंभीर लापरवाही को दर्शाता है।

यदि सोलर लाइट या जनरेटर की व्यवस्था होती तो इस तरह की स्थिति में यात्रियों को राहत मिल सकती थी। स्टेशन के आसपास एक भी स्ट्रीट लाइट चालू नहीं थी, जिससे पूरे इलाके में असुरक्षा का माहौल बन गया। इसी दौरान धनबाद से भोपाल जाने वाली ट्रेन के आने का समय भी था, जिससे प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई।

# हाइवा से ऑटो की टक्कर, 14 घायल

## 3 की हालत नाजुक, अमिलिया थाना के चमरौंहा में हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

**सीधी 5 अप्रैल, जिले के अमिलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चमरौंहा में रविवार दोपहर करीब 4 बजे एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार हाईवा ने सवारियों से भरे एक ऑटो ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे करीब 14 लोग घायल हो गए। इनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी घायल अमिलिया थाना क्षेत्र के कोरौली कला अंतर्गत ग्राम परसोना के निवासी हैं। ये लोग अमिलिया में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में खरीदारी करने जा रहे थे। इसी दौरान चमरौंहा के पास यह हादसा हो गया। हादसे में चार से पांच छोटे बच्चे भी घायल हुए हैं, हालांकि कई लोगों को मामूली चोटें आईं, जो प्राथमिक उपचार के बाद अपने घर लौट गए। स्थानीय लोगों के अनुसार अमिलिया ग्राम पंचायत में हर सप्ताह लगने वाले बाजार के कारण क्षेत्र में काफी भीड़भाड़ रहती है। आसपास के कई गांवों के लोग बड़ी संख्या में यहां खरीदारी के लिए आते हैं, जिससे यातायात का दबाव बढ़ जाता है




इस दुर्घटना के पीछे दो प्रमुख कारण सामने आ रहे हैं।

पहला ऑटो क्रमांक एमपी 53 जेडबी 9199 में सवारी क्षमता से अधिक लोगों को बैठाया गया था, जिससे संतुलन और सुरक्षा दोनों प्रभावित हुए।

दूसरा रेत लोड हाईवे हाईवा क्रमांक यूपी 63 एटी 5822 की तेज रफ्तार और कथित ओवरलोडिंग भी हादसे का बड़ा कारण बनी।

### यह सड़क हादसे में घायल

सड़क हादसे के घायलों में आटो चालक राम अभिलाष केवट पिता दन्ना केवट उम्र 24 वर्ष निवासी परसौना एवं आटो सवार सोनू केवट पति कंधई केवट उम्र 30 वर्ष, उर्मिला केवट पति राजेश केवट उम्र 35 वर्ष, गंगोत्री केवट पति ज्ञानेन्द्र केवट उम्र 35 वर्ष, कपसी केवट पति रामखेलावन केवट उम्र 60 वर्ष, सोनू केवट पति पिंटू केवट उम्र 30 वर्ष, कुसुमकली केवट पति विमलेश केवट उम्र 36 वर्ष, निर्मला केवट पति जगदीश केवट उम्र 32 वर्ष, दिलसुआ केवट पति मोतीलाल केवट उम्र 55 वर्ष, प्रेमकली केवट पति महाबली केवट उम्र 52 वर्ष, सोमवती केवट पति अशोक केवट उम्र 30 वर्ष, सुनीता केवट पति रामदयाल केवट उम्र 41 वर्ष, सुनीता केवट पति उमेन्द्र केवट उम्र 30 वर्ष, अमेरिका केवट पति अंग्रेज केवट उम्र 40 वर्ष, सविता केवट पति बृहस्पति केवट उम्र 38 वर्ष सभी निवासी परसौना थाना अमिलिया शामिल हैं।



# चाकघाट में हुई ओलावृष्टि फसलों को भारी नुकसान

## जनजीवन पर असर

नवभारत न्यूज

**चाकघाट 5 अप्रैल, नगर परिषद चाकघाट एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को अचानक मौसम ने करवट बदल ली। दोपहर बाद तेज आंधी और बारिश के साथ ओले गिरने लगे, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। लगभग 10 मिनट तक हुई ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया।**

स्थानीय किसानों के अनुसार इस समय गेहूं, और सरसों की फसल कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन अचानक हुई ओलावृष्टि से फसलें बुरी तरह प्रभावित हो गईं। कई खेतों में फसलें जमीन पर गिर गईं, जिससे भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई गयी है। ओलावृष्टि के कारण सड़कों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई, जिससे कुछ समय के लिए आवागमन भी प्रभावित रहा। लोग घरों में दुबके रहे और दुकानदारों ने भी एहतिहातन अपनी दुकान का शटर बंद करना पड़ा।

### क्षति के सर्वेक्षण की मांग

क्षेत्र के किसानों ने मांग किया है कि ओलावृष्टि से हुई फसल के नुकसान को शासन तत्काल सर्वे कराकर हानि की भरपाई की व्यवस्था करे।

# सिरमौर चौराहे में चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**रीवा, 5 अप्रैल, सिरमौर चौराहे के पास एक युवक चाकू लेकर लोगो को ड़रा धमका रहा था और अवैध वसूली कर रहा था. जिसकी सूचना मुखबिर से अमहिया थाने को मिली. मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को चाकू के साथ धरदबोचा.**

बताया गया कि थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने स्टाप के साथ मिलकर अटल पार्क के बगल में पी.डब्ल्यू.डी. वाली गली में गंभीर अपराध को अंजाम देने की फिराक में अवैध चाकू लेकर घूम रहे आरोपी अतुल तिवारी पिता भाई लाल तिवारी उम्र 25 वर्ष निवासी नीम चौराहा आनंद नगर थाना विश्वविद्यालय को गिरफ्तार किया है.



## जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आज

**मऊगंज, 5 अप्रैल,** मऊगंज जिले में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक 6 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई है. बैठक की अध्यक्षता राज्यमंत्री पशुपालन एवं डेयरी (स्वतंत्र प्रभार) तथा जिले के प्रभारी मंत्री लखन पटेल करेंगे. कलेक्टर संजय कुमार जैन ने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जानकारी के साथ अनिवार्यत: उपस्थिति के निर्देश दिए हैं.

# वैक्सीनेशन में लापरवाही पर 50 स्वास्थ्य कर्मियों को नोटिस

## सतना एवं मैहर में एचपीवी वैक्सीनेशन के मामले में जिपं सीईओ ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सतना 5 अप्रैल, एचपीवी वैक्सीनेशन अभियान में लापरवाही बरतने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह द्वारा 50 स्वास्थ्य कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।**

इनमें सतना जिले के 6-6 सेक्टर सुपरवाइजर, एएनएम और आशा कार्यकर्ता तथा 5-5 आशा सुपरवाइजर, एमपीडब्ल्यू, और सीएचओ एवं मैहर जिले के 3-3 सेक्टर सुपरवाइजर, एएनएम, आशा सुपरवाइजर, सीएचओ और आशा कार्यकर्ता तथा 2 एमपीडब्ल्यू शामिल है। जारी नोटिस में बताया गया है कि एचपीवी टीकाकरण अभियान 28 फरवरी 2026 से जिले में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु चलाया जा रहा है। संबंधित कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्रों में लक्षित बालिकाओं और उनके अभिभावकों की काउंसलिंग कर उन्हें टीकाकरण केंद्र तक लाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद कई क्षेत्रों में लक्ष्य के मुकाबले अत्यंत कम उपलब्धि दर्ज की गई है, जिससे जिले की छवि राज्य स्तर पर प्रभावित हुई है।



### सात दिन के अंदर देना होगा जवाब

जारी नोटिस में सेक्टर सुपरवाइजर, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, सीएचओ, आशा सुपरवाइजर और आशा कार्यकर्ताओं को तीन दिवस के भीतर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय में लक्ष्य पूरा नहीं होने पर 7 दिवस का वेतन/मानदेय काटने, निलंबन या संविदा समाप्ति जैसी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# महुआ बिनाई पर टिका ग्रामीणों का सहारा, अवैध कारोबार पर विभाग की चुप्पी

## देवसर, चितरंगी और बैढ़न ब्लॉक में पखवाड़े भर चलता है महुआ सीजन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 अप्रैल। जिले के देवसर, चितरंगी और बैढ़न ब्लॉक के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों महुआ बिनाई का काम जोर-शोर से चल रहा है। लगभग एक पखवाड़े तक चलने वाले इस सीजन में गांवों के लोग सुबह करीब 5 बजे से 10-11 बजे दिन तक जंगलों और पेड़ों के नीचे महुआ चुनने में जुटे रहते हैं।**

इस काम में एससी, एसटी और ओबीसी समाज के परिवारों की बड़ी भागीदारी देखी जा रही है। खास बात यह है कि छोटे-छोटे बच्चे भी अपने माता-पिता का हाथ बंटाते नजर आ रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार महुआ इन दिनों 30 से 40 रुपये प्रति किलो के भाव से बिक रहा है। जिन परिवारों के घर या खेतों के आसपास महुआ के पेड़ हैं, उनके लिए यह सीजन अतिरिक्त आय का बड़ा जरिया बन गया है। एक सीजन में ऐसे परिवार 8 से 10 हजार रुपये तक की कमाई कर लेते हैं, जिससे घरेलू जरूरतें पूरी करने में राहत मिलती है। हालांकि महुआ की खरीद-फरोख्त के साथ बिचौलियों की सक्रियता भी बढ़ गई है। सुबह से ही ये लोग महुआ बीनने वालों के घरों पर दस्तक देकर कम दाम में माल खरीदने की कोशिश करते हैं। इससे ग्रामीणों को उचित कीमत नहीं मिल पाती। वहीं जिले में महुआ से बनने वाली देशी शराब का अवैध कारोबार भी तेजी से फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह धंधा आबकारी और पुलिस विभाग की मौन सहमति से चल रहा है।

जब मामला ज्यादा तूल पकड़ता है, तब केवल खानापूर्ति की कार्रवाई कर दी जाती है। दूसरी ओर महुआ की खरीद और वन उपज पर निगरानी की जिम्मेदारी होने के बावजूद वन विभाग भी प्रभावी अंकुश लगाने में नाकाम नजर आ रहा है।



### इस कारोबार में भी माफिया सक्रिय

ग्रामीण क्षेत्रों में महुआ गरीब परिवारों के लिए जीवनयापन का सहारा है, लेकिन विभागीय लापरवाही और अवैध कारोबार ने इस प्राकृतिक संपदा को माफियाओं के कब्जे में धकेल दिया है। अब सवाल यह है कि जिम्मेदार विभाग कब जागेंगे।

## 9वीं एवं 11वीं के छात्रों को मिला दूसरा मौका

**सतना 5 अप्रैल,** लोक शिक्षण संचालनालय मध्यप्रदेश ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के तहत कक्षा 9वीं और 11वीं की द्वितीय परीक्षा को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्य परीक्षा में जो छात्र अनुपस्थित रहे या फेल हुए हैं, वे सभी स्वत: ही द्वितीय परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। छात्रों के प्रवेश पत्र 25 अप्रैल 2026 से ईएमएस पोर्टल पर उपलब्ध होंगे, जिन्हें स्कूल प्राचार्य अपने लॉगिन से डाउनलोड कर सकेंगे।

# जिपं सीईओ ने खिरवाह-बैरिहवा अमृत सरोवर का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 अप्रैल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में म.प्र. में चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनरुद्धार का कार्य तेजी से जारी है। इसी क्रम में आज रविवार को जिपं सीईओ जगदीश गोमे ने चितरंगी क्षेत्र के विभिन्न अमृत सरोवरों का आकस्मिक निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी ली।**

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने कार्यों की गुणवत्ता और समयसीमा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने ने अमृत सरोवर निर्माण कार्यों का मौके पर अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ ने स्पष्ट किया कि जल संरक्षण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पंचायत स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी जल संरचनाओं की मरम्मत और गहरीकरण का कार्य अनिवार्य रूप से पूरा कर लिया जाए। इस दौरान सीईओ ने बैरिहवा ग्राम अंतर्गत निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया



# उचित मूल्य दुकान बनौली में खाद्यान्न गबन का मामला दर्ज

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 5 अप्रैल। जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित उचित मूल्य दुकानों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के प्रशासनिक प्रयासों के बीच बनौली की शासकीय उचित मूल्य दुकान में बड़े पैमाने पर खाद्यान्न गबन और अनियमितता का मामला सामने आया है।**

कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर की गई जांच में गंभीर अनियमितताएं उजागर होने के बाद आरोपी विक्रेता के विरुद्ध आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुकान कोड 5008148 के तहत संचालित उक्त दुकान का निरीक्षण कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी बैढ़न सम्मी कुमार पटले द्वारा 13 फरवरी को दोपहर 2:30 बजे किया गया। निरीक्षण के दौरान सरपंच, समिति प्रबंधक, सहायक विक्रेता एवं ग्रामीणजन भी मौजूद रहे। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि पूर्व विक्रेता कृष्णमुरारी पाण्डेय ने माह नवंबर एवं दिसंबर में हितग्राहियों से पीओएस मशीन में अंगूठा लगवाने के बावजूद उन्हें खाद्यान्न का वितरण नहीं किया।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा प्लाट नं.34, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित. संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99